रमेश कुमार सुथार गोद बनाम लोक सूचना अधिकाारी उपखंड अधिकारी भीनमाल प्रकरण संख्या 19/2018

21.08.2018

अपीलांट व राज्य लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी) भीनमाल अनुपस्थित। राज्य लोक सूचना अधिकारी का जवाब प्राप्त हुआ।

राज्य लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी) भीनमाल ने जवाब में व्यक्त किया कि चाही गई सूचना के संबध में अपीलार्थी को कार्यालय के पत्रांक/लो.सू.अ. अधि./18/4437 दिनांक 13.07.2018 से सूचना दी गई। अत: अपील खारिज की जावे।

हमने राज्य लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी) भीनमाल के द्वारा प्रस्तुत जवाब व अपीलांट द्वारा दिनांक 08.08.2018 डाक से भिजवाया गया कथन जो कि इस कार्यालय में 09.08.2018 को प्राप्त हुआ, जिस पर मनन किया व पत्रावली का अवलोकन किया गया।

अपीलांट द्वारा पोस्टल आर्डर संख्या 40 एफ 869525 के संलग्न आवेदन पत्र दिनांक 15.06.2018 के द्वारा राज्य लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी) भीनमाल के कार्यालय के वर्ष 2003 के दिनांक 01.08.2003 से 31.08.2003 तक के आवक जावक रजिस्टर के सभी पृष्ठो की सूचना चाही गई। सूचना के संबंध में रेस्पोडेन्ट राज्य लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी) भीनमाल द्वारा अपीलांट को जरिए पत्रांक/4437 दिनांक 13.07.2018 के द्वारा अपीलांट को अवगत करवाया कि उपखंड कार्यालय के जावक व आवक पंजिका वर्ष 2003 की प्रतिलिपि चाही गई है, उक्त पंजिका की पर्याप्त खोजबीन के बावजूद उपलब्ध नहीं हुई है। उपलब्ध होने पर सूचित कर दिया जावेगा, बाबत अपीलांट को सूचित किया है। अत: उपरोक्त विवेचन के अनुसार अपीलांट की अपील खारीज की जाती है।

Sd/-
(बी.एल.कोठारी)
प्रथम अपीलीय अधिकारी
(जिला कलेक्टर)
जालोर